भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *141

(जिसका उत्तर सोमवार, 02 मार्च, 2020/12 फाल्गुन, 1941 (शक) को दिया जाना है।)

बाह्य ऋण

*141. कुंवर दानिश अली:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश के दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन बाह्य ऋण तथा उस ऋण पर लागू ब्याज दरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विश्व के ऋणग्रस्त देशों की सूची में भारत का स्थान क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान विदेशी ऋणप्रदाताओं को मूलधन एवं ब्याज के रूप में चुकाई गई कुल राशि तथा आज की तारीख के अनुसार बकाया कुल राशि का देश एवं संस्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश के ऋण भार को कम करने के लिये सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

श्री कुंवर दानिश अली द्वारा पूछे गए, **02** मार्च, **2020** को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. ***141** के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) और (ग): मजबूत बृहत आर्थिक आधारभूत ढांचा जिसमें प्रबंधनीय चालू खाता घाटा शामिल है, के कारण, पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत के जीडीपी अनुपात में विदेशी ऋण कम, यानि जीडीपी का लगभग 20 प्रतिशत रहा है। भारत के विदेशी ऋण, मूलधन और विदेशी ऋणदाताओं को चुकाए गए ब्याज संबंधी आंकड़े अनुबंध में दिए गए हैं।

(ख): आईएमएफ और विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार **2018** में सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में भारत के विदेशी ऋण का अनुपात जी-20 के विकसित देशों और 36 ओईसीडी (आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन) देशों के बीच सबसे कम है। जीएनआई अनुपात में भारत का विदेशी ऋण भी लगभग 150 निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों की तुलना में दो तिहाई कम था। इसके आगे, **2018** में भारत का विदेशी ऋण प्रति नागरिक सभी जी-20 और ओईसीडी देशों की तुलना में कम था।

(घ): भारत का विदेशी ऋण भार बहुत कम है। अर्थव्यवस्था में विनिवेश दर को बढ़ाने के लिए विदेशों में ब्याज की कम दर का लाभ उठाने हेतु विदेशी उधार बढ़ाने की आवश्यकता है।

*****

अनुबंध

बाह्य ऋण शेष – भाग (क) का अनुबंध)				
वर्ष	दीर्घावधि	लघु अवधि	योग	ब्याज दर
	(वर्ष एवं आंकड़े अमरीकी बिलियन डॉलर में)			*प्रतिशत*
2016-17	383.2	88.1	471.3	3.5
2017-18	427.1	102.2	529.3	3.4
2018-19	434.8	108.4	543.2	4.0

स्रोत: विदेशी ऋण प्रबंधन इकाई (ईडीएमयू), लेखा सहायता और लेखा परीक्षा प्रभाग (सीएएए), आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय एवं आरबीआई।

टिप्पणी: ब्याज दर की गणना (दीर्घावधिक ऋण पर वर्ष के दौरान कुल ब्याज भुगतान)/(वर्ष के अंत में बकाया दीर्घावधिक ऋण)।

मूलधन और ब्याज भुगतान- भाग (ग) का अनुबंध						
वर्ष	बहुपक्षीय			द्विपक्षीय		
	मूलधन	ब्याज	बकाया ऋण (वर्ष अंत)	मूलधन	ब्याज	बकाया ऋण (वर्ष अंत)
सभी आंकड़े अमरीकी बिलियन डॉलर में						
2016-17	4,062	761	59,912	2,189	537	25,906
2017-18	4,016	960	63,033	2,283	482	28,321
2018-19	4,386	1,383	62,977	2,062	679	28,563
2019-20 (अप्रै-सितं)	2,358	925	64,207	834	266	29,471

स्रोत: विदेशी ऋण प्रबंधन इकाई (ईडीएमयू), लेखा सहायता और लेखा परीक्षा प्रभाग (सीएएए), आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय एवं आरबीआई।